




लोक आस्था के महापर्व चैती छठ पर सोमवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए बिहार की राजधानी पटना समेत पूरे राज्य में छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इससे पहले सोमवार की शाम पहले अर्घ्य को लिए व्रतियां अपने परिजनों के साथ छठ घाट पहुंचीं। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। अब 28 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व छठ का समापन होगा। मान्यता है कि शाम को और सुबह को सूर्य उपासना से संपन्नता आती है और श्रद्धालुओं की सारी मनोकामनाएं पूरी होती है।

## सम्राट का ऐलान... नीतीश सरकार को बिहार से उखाड़ फेंकेंगे

- बिहार के नए भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी का हुआ भव्य स्वागत
- सम्मान समारोह में 2024 में लोकसभा की सभी सीटों पर जीत और 2025 में भाजपा सरकार बनाने का लिया गया प्रण

**केटी न्यूज/पटना**

बीजेपी नेतृत्व ने सम्राट को बिहार भाजपा का 'चौधरी' बना दिया है। सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देकर बड़ी राजनीतिक चाल चली गई है। भाजपा ने यह निर्णय 2024 लोकसभा और 2025 विस चुनाव को लेकर किया है। बिहार भाजपा ने अपने नए प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के रोड-शो में पूरी ताकत झोंक दी। पटना हवाई अड्डा से लेकर प्रदेश कार्यालय तक सम्राट के रोड-शो में हजारो भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में भाजपा नेताओं ने नीतीश सरकार



को उखाड़ फेकने का संकल्प लिया। साथ ही 2024 में लोकसभा की सभी सीटों पर जीत और 2025 में भाजपा की सरकार बनाने का प्रण लिया।

बिहार बीजेपी कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में बिहार बीजेपी के तमाम बड़े नेता शामिल हुए। निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष सह केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विजय सिन्हा, रविशंकर प्रसाद, सीपी ठाकुर, नंदकिशोर यादव समेत हजारो कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर बिहार बीजेपी के नए चौधरी ने ऐलान किया कि नीतीश कुमार को बिहार से उखाड़ फेकेंगे।

बीजेपी के नए अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने अपने नेताओं-कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा राष्ट्रीय नेतृत्व का इस जिम्मेदारी के लिए आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने संजय जयसवाल को विशेष तौर पर धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने 3 वर्ष से अधिक समय के कार्यकाल में भाजपा को शीर्ष पर पहुंचाने का काम किया है। हमें पूर्ण आशा व विश्वास है कि पूरी टीम हमारा मार्गदर्शन करेगी। नेतृत्व का भी मार्गदर्शन मिलता रहेगा। सम्राट ने आगे कहा कि लक्ष्य बड़ा स्पष्ट है। अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नड्डा जी को हम आश्वस्त करते हैं कि बिहार में सिर्फ भाजपा दिखेगी। उन्होंने कहा कि मैं तो उस परिवार से आता हूं, मेरे पिताजी कांग्रेस के विधायक हुआ करते थे। उन्हें विरोधी दल का नेता भी नहीं बनाया गया, प्रदेश अध्यक्ष भी नहीं बनाया। मैं तो धन्य हूं। पार्टी के अंदर हमें सम्मान दिया गया। पहले विधान परिषद में नेता विरोधी दल बनाया फिर प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

## खबरें फटाफट

### बेगूसराय से फर्जी टीटीई गिरफ्तार

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय से एक फर्जी टीटीई को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा कि युवक ट्रेन में सीबीआई का आई-कार्ड लेकर लोगों की टिकट चेक कर रहा था। वहीं जिन यात्रियों को पास टिकट नहीं होती थी उनसे मनमाने तरीके से पैसा लेता था। अपने इसी काम को अंजाम दे रहे युवक पर यात्रियों को शक हो गया और उन्होंने फर्जी टीटीई को पकड़कर बेगुसराय जीआरपी को सौंप दिया। दरअसल, सीबीआई का आई-कार्ड लेकर युवक ट्रेन में टिकट चेक कर रहा था। इसी दौरान उसने एक यात्री को धौंस दिखाते हुए कहा कि वह जनहित एक्सप्रेस का टीटीई है। जबकि ट्रेन कोसी एक्सप्रेस था। वहीं यात्रियों को शक हुआ जिसके बाद उन्होंने युवक को पकड़ लिया। वहीं जब जीआरपी ने युवक से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह फर्जी सीबीआई बनकर टिकट चेक करते है। पिछले 2 माह से वह मुंबई रूट पर अवैध कमाई कर रहा था। जीआरपी ने युवक के पर्स की भी तलाशी ली तो उसके पर्स से सीबीआई का फर्जी आई कार्ड मिला। वहीं चोरी पकड़ी करने के बाद फर्जी टीटीई ने गुहार लगाते हुए कहा कि प्लीज माफ कर दीजिए, अब गलत काम नहीं करूंगा। बता दें कि फर्जी सीबीआई की पहचान नालंदा जिला के थाना छबिलापुर के मंजेठा निवासी चंद्रदेव पासवान के बेटे विक्रम के रूप में की है।

**सुप्रीम कोर्ट का आदेश: उत्तर प्रदेश सरकार चुनाव के लिए अधिसूचना जारी करे**

# यूपी में ओबीसी आरक्षण के साथ निकाय चुनाव कराने की अनुमति

**एजेंसी/नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश में शहरी स्थानीय निकाय चुनावों का सोमवार को रास्ता साफ हो गया। यह देखते हुए कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के मुद्दे की जांच के लिए गठित एक समर्पित आयोग ने अपनी अंतिम रिपोर्ट दे दी है, सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए अधिसूचना जारी करने की अनुमति दे दी।

भारत के मुख्य न्यायाधीश(सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि हमारे आदेश के बाद यूपी सरकार ने यूपी पिछड़ा वर्ग आयोग के लिए एक अधिसूचना जारी की थी। पीठ ने आदेश में नोट किया, 'हालांकि आयोग का कार्यकाल छह महीने का था, इसे 31 मार्च, 2023 तक अपना कार्य पूरा करना था लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि आयोग की रिपोर्ट नौ मार्च को प्रस्तुत कर दी गई है। स्थानीय निकाय चुनावों के लिए अधिसूचना जारी करने की कवायद जारी है और इसे दो दिनों में जारी किया जाएगा। कोर्ट ने यह स्पष्ट करते हुए मामले का निस्तारण कर दिया कि उसके आदेश में दिए गए निदेशों को मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। इस महीने की शुरूआत में जस्टिस (सेवानिवृत्त) राम अवतार सिंह, जिन्होंने आयोग का नेतृत्व किया, और चार अन्य सदस्य - सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी चोब सिंह वर्मा, महेंद्र कुमार, और पूर्व अतिरिक्त कानून सलाहकार संतोष कुमार विश्वकर्मा और ब्रजेश कुमार सोनी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें रिपोर्ट सौंपी थी। वहां पर शहरी विकास मंत्री एके शर्मा और शहरी विकास विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

जानकारी के मुताबिक, आयोग ने तीन महीने से भी कम समय में राज्य के सभी 75 जिलों का दौरा करने के बाद अपनी रिपोर्ट तैयार की है। यह बताया गया कि आयोग ने 5 दिसंबर, 2022 को अधिसूचित शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण पर कई विसंगतियां पाईं और उन्हें हटाने की सिफारिश की है।



### सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर लगा दी थी रोक

चार जनवरी, 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण दिए बिना शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को आगे बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश चुनाव आयोग को दिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने तब कहा था कि नगरपालिकाओं का लोकतंत्रीकरण करना और अनुच्छेद- 243टी के तहत नगरपालिकाओं की संरचना में सही प्रतिनिधित्व देना, दोनों ही संवैधानिक आदेश है।

### बाद में समर्पित आयोग का किया गया गठन

उत्तर प्रदेश सरकार ने तब कहा था कि उसने ओबीसी के प्रतिनिधित्व के लिए डेटा एकत्र करने के लिए एक समर्पित आयोग का गठन किया है। हाईकोर्ट का 27 दिसंबर, 2022 का आदेश उन याचिकाओं पर आया था, जिनमें सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित ट्रिपल टेस्ट फॉमूर्ले का पालन किए बिना ओबीसी आरक्षण के मसौदे को तैयार करने को चुनौती दी गई थी।

### 'ट्रिपल टेस्ट' शर्त

मई, 2022 में शीर्ष अदालत ने के कृष्ण मूर्ति व अन्य बनाम भारत संघ और अन्य' (2010) में संविधान पीठ के फैसले का हवाला दिया था, जिसमें कहा गया था कि ओबीसी आरक्षण प्रदान करने से पहले 'ट्रिपल टेस्ट' शर्तों को पूरा करना होगा। इसके तहत पिछड़ेपन पर अनुभवजन्य डेटा एकत्र करने के लिए एक समर्पित आयोग स्थापित करने, आयोग की सिफारिशों के आलोक में स्थानीय निकाय में आवश्यक आरक्षण के अनुपात को निर्दिष्ट करने और आरक्षण 50 फीसदी (एससी, एसटी और ओबीसी को मिलाकर) से अधिक नहीं होने की शर्तें हैं।

# पेट्रोल की बोतल लिये एसपी कार्यालय पहुंचे मां-पिता, बोले- बेटी की मौत का न्याय दिलाएं

**केटी न्यूज/नवादा**

नवादा की पुलिस ऑफिस में उस समय अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया जब एक माता-पिता ने अपनी ही बेटी की मौत का न्याय मांगने एसपी कार्यालय पहुंचे। उनके हाथ में पेट्रोल की बोतल थी। जिसे लेकर वह न्याय की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि, अगर उनकी बेटी को न्याय नहीं मिलेगा तो वो थाने में ही आत्महत्या कर लेंगे। वहीं पुलिस ने उन दोनों को पकड़कर उनके हाथ से पेट्रोल की बोतल ले लिया। दरअसल, पूरा मामला सिरदला थाना क्षेत्र का है। गांव के निवासी अरविंद कुमार वर्णवाल ने आरोप लगाया है कि 7 जुलाई 2021 को नवादा नगर थाना क्षेत्र के गढ़पर मोहल्ले में अपनी बेटी काजल कुमारी वर्णवाल की विवाह दिलीप कुमार के पुत्र अबीर आर्यन के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। शादी के कि कुछ दिन के बाद ही लड़का ने लड़की के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया था और उसको घर से भी बाहर निकाल दिया।

पीड़िता के पिता ने बताया कि 8 मई 2022 को महिला थाना में 11 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अंत में तंग आकर बेटी के इंसाफ के लिए माता- पिता ने आत्महत्या करने की कोशिश की है।

पिता ने आरोप लगाया कि दमाद का किसी दूसरी लड़की से अवैध संबंध है।वह दिल्ली में मेट्रो स्टेशन पर कंट्रोलर के रूप में कार्य करता है। उनकी बेटी के साथ अकसर मारपीट किया करता था। उसके खिलाफ परिजनों ने महिला थाने में एफआईआर भी दर्ज करवाया लेकिन महिला थाना प्रभारी ने उसके विरुध कोई करवाई नहीं किया। जिसके कारण ही आक्रोशित होकर परिवार के लोगों ने आत्महत्या का ही निर्णय लिया और पेट्रोल लेकर सीधा एसपी कार्यालय पहुंच गए।




**स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बोले... 6 से 14 अक्टूबर तक वाराणसी में होगा आयोजन**

# कोरोना से मृत आत्मा की शांति के लिए होगा तर्पण कार्यक्रम

**एजेंसी/वाराणसी**

वाराणसी में ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मीडिया से बातचीत में कहा है कि आगामी पितृ पक्ष में कोरोना महामारी में मृतक सभी आत्मा की शांति के लिए तर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आगामी 6 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक यह आयोजन किया जाएगा।

शंकराचार्य ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन किया जायेगा, उसके आलावा आत्मा की शांति के लिए शास्त्रों में जो भी विधान बताए गए हैं। उसका पालन करते हुए हम लोगों द्वारा पूजा पाठ किया जाएगा। शंकराचार्य ने कहा कि सिर्फ हिंदू ही धर्म के नहीं किसी भी धर्म के व्यक्ति का नाम हमारे पास आयेगा। हम उस व्यक्ति का उसके धर्म के अनुसार विधि विधान से पूजा पाठ कराएंगे।



- शंकराचार्य बोले... सिर्फ हिंदू ही धर्म के नहीं किसी भी धर्म के व्यक्ति का नाम हमारे पास आयेगा, हम उस व्यक्ति का उसके धर्म के अनुसार विधि विधान से कराएंगे पूजा पाठ
- आयोजन को सफल बनाने के लिए देश दुनिया से 11 हजार ब्राह्मण आएंगे काशी

**100 रथ होगा प्रचार-प्रसार:** इस बड़े आयोजन को सफल बनाने के लिए देश दुनिया से 11 हजार ब्राह्मण काशी आएंगे। इसके लिए स्थान चिन्हित किया जाएगा। तर्पण करने वालों के डाटा को इकट्ठा करने के लिए 100 रथ पूरे भारत में चलाए जायेगे। जिसकी शुरूआत आज अस्सी घाट से हो गयी हैं। वाराणसी के सतुआ बाबा और बीएचयू के डॉक्टर वी एन मिश्रा के हाथों हरी झंडी दिखाकर का गाड़ी को रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि हम डाटा इकट्ठा करेंगे, उसके अलावा हम स्वास्थ्य विभाग से भी इसकी मदद लेंगे। उस के माध्यम से डाटा कलेक्ट करेंगे कि कितने लोग का कोरोना काल में मृत्यु हुआ। शंकराचार्य ने बताया कि ओटीटी 56 प्लेटफार्म से भागवत कथा का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जुड़ने के लिए लोगों को प्रेरित भी किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक लोगों का डाटा हमारे तक पहुंच सके।

# संबंधित क्षेत्र में 20-20 घरों को चिह्नित कर टीबी के नए मरीज की खोज करें आशा: डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) की प्रगति की समीक्षा को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में जिला टीबी फोरम की बैठक हुई। इस दौरान सिविल सर्जन सह सीडीओ डॉ. सुरेश चंद्र सिन्हा ने पिछले एक साल में एनटीईपी में किए गए कार्यों के संबंध में बताया कि 2022 में बिहार में लक्ष्य के अनुरूप 79.6% लोगों का निक्षय पोर्टल पर नोटिफिकेशन किया गया। जिसमें बक्सर जिले में 97 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। वहीं, 2021 में नोटिफाइड मरीजों में 67 प्रतिशत का सफल इलाज हुआ।, गत वर्ष में जिले में माइक्रो बायोलॉजिकल टेस्ट 85 प्रतिशत व क्लिनिकल टेस्ट 15 प्रतिशत हुआ। साथ ही, यूनिवर्सल ड्रग सेंसटिव टेस्ट 57 प्रतिशत मरीजों का किया गया। इसके अलावा टीबी के 97 प्रतिशत मरीजों में एचआईवी टेस्ट की जा चुकी है। इन सब के इतर निक्षय पोषण योजना के तहत 32 प्रतिशत मरीजों के खाते में राशि भेजी गई है।





**टीबी मरीजों का बेसलाइन डाटा तैयार किया जाए :** जिलाधिकारी अमन समीर ने सिविल सर्जन को कहा कि टीबी रेफरल के मामले में सभी प्रखंडों की समीक्षा की जाए और नीचे से पांच एमओआईसी को अगली बैठक में बुलाएं। साथ ही, टीबी मरीजों का बेसलाइन डाटा तैयार किया जाए। इस क्रम में एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान के दौरान सभी आशा कर्मी अपने संबंधित क्षेत्र में 20-20 घरों को चिह्नित करते हुए टीबी के नए मरीजों की खोज करें। साथ ही, प्राइवेट सेक्टर के चिकित्सकों के साथ बैठक कर नोटिफिकेशन और अन्य मुद्दों पर विमर्श करते हुए बक्सर जिले और अन्य जिलों के इलाजरत मरीजों की सूची अलग अलग तैयार करें। जिससे पता चल सके कि बक्सर जिले में टीबी के नोटिफाइड मरीज कितने हैं। इससे जिले की जनसंख्या के आधार पर टीबी के मरीजों की वास्तविक संख्या के आधार पर उनका फॉलोअप किया जा सके।

बैठक में डीपीएम मनीष कुमार, डब्ल्यूएचओ के एनटीईपी कंसल्टेंट डॉ. कुमार बिज्येंद्र सौरभ, यूनिसेफ एसएमसी शगुफ्ता जमील, सीफार के अमित सिंह, बीजीवीएस के सत्य प्रकाश, एड्स डिपार्टमेंट के नरेंद्र कुमार पांडेय, टीबी चैंपियन किरण कुमारी, कामेंद्र सिंह, रिंकू कुमारी, डीपीसी कुमार गौरव, डीटीसी लिपिक मनीष कुमार, डीपीएस उत्तम कुमार, एसटीएलएस राहुल कुमार, डीईओ विजय प्रताप यादव समेत टीबी फोरम के अन्य सदस्य शामिल रहे।

### रेडक्रॉस सोसायटी ले मरीजों को गोद

जिलाधिकारी ने निक्षय मित्र योजना के तहत रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्रवण तिवारी को टीबी मरीजों को गोद लेने की सलाह दी। ताकि, टीबी के मरीजों को नियमित रूप से पोषण की पोटली उपलब्ध कराई जा सके। जिस पर रेडक्रॉस सचिव ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि अगले माह से वो टीबी मरीजों को गोद लेने की कार्यवाही शुरू करेंगे। वहीं, जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में आशा कार्यकताओं के द्वारा एक सर्वे कराया जाए। जिसमें ऐसे टीबी मरीजों को चिह्नित किया जाए जिनके पास राशनकार्ड है। इसके आधार पर राशनकार्ड धारी टीबी मरीजों को चावल व गेहूं की जगह पोषण की पोटली उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए जिले के सभी एसडीएम के साथ बैठक कर एक रुपरेखा तैयार की जाएगी। जिससे भविष्य में टीबी मरीजों को पीडीएस के माध्यम से ही पोषण की पोटली मिल सके। वहीं, जिन मरीजों को पोषण राशि का भुगतान नहीं हुआ है, उनके खाते में राशि भेजने के लिए विशेष शिविर लगाया जाए।

## एक नजर

### लाखों रुपए नगदी और शराब के साथ कार सवार चार नेपाली नागरिक गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर में लाखों रुपए नगदी के साथ बंगाल नंबर की कार सवार चार नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास सेवाग्राम बोतल अंग्रेजी शराब भी बरामद की गयी है। गिरफ्तार लोगों में नेपाल के झापा जिले के वृता मोड़ निवासी भानू भक्ता गधमेर, तेजपाल अग्रवाल, रमेश प्रसाद मैनाली और पंकज खोनाल शामिल हैं। चारों को पटना-बक्सर फोरलेन पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर पुल के पास रविवार की देर रात पकड़ा गया। कार से चार लाख 45 हजार रुपए नगद, करीब 1650 एमएल अंग्रेजी शराब और तीन मोबाइल बरामद किया गया। शराब बरामदगी को लेकर चारों के खिलाफ मुफस्सिल थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं जब्त रुपये की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाने की पुलिस रविवार की रात हाईवे पर पेट्रोलिंग में निकली थी। उस दौरान सुबह करीब तीन बजे दौलतपुर पुल के पास संदिग्ध स्थिति में खड़ी बंगाल नंबर की कार दिखी। संदेह के आधार पर कार की जांच की गयी, तो डिक्की से 750 एम एल की सील टूटी शराब की बोतल, पानी के एक बोतल से नौ सौ एमएल अंग्रेजी शराब और झोले से चार लाख 45 हजार रुपए नगद बरामद किया गया। उसके बाद कार सवार चारों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में चारों के नेपाली नागरिक होने की बात सामने आयी। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि अबतक की जांच और पूछताछ के अनुसार चारों हरियाणा से आ रहे थे। वहां उनके दोस्तों द्वारा शराब की कुछ बोतलें दी गयी थी। कुछ पैसे भी दिया गया था। उसे लेकर चारों जा रहे थे। पकड़े गये नेपाली नागरिकों के हरियाणवी दोस्तों और पैसे के बारे में जानकारी ली जा रही है। मोबाइल के जरिए भी पता लगाया जा रहा है। वहीं प्राथमिकी दर्ज कर मामले की गहन छानबीन की जा रही है। विभिन्न विभागों द्वारा जांच करायी जा रही है।

### मोटर दुर्घटना मामले का प्री काउंसलिंग के जरिए हुआ समझौता, पीड़ित को मिला 7 लाख का चेक



**आरा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 17 के न्यायालय में लंबित मोटर दुर्घटना दावा वाद संख्या 04/18 का सोमवार को प्री काउंसलिंग के जरिए समझौता के साथ निपटारा हो गया। इस मामले में व्यवहार न्यायालय, भोजपुर, आरा के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तदश सुनील कुमार सिंह ने सोमवार को पीड़ित को 700000 का चेक प्रदान किया। वादी विजय कुमार राम ने यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी पर मुकदमा किया था। यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता मिहिर कुमार सिन्हा ने बताया कि न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह द्वारा प्री काउंसलिंग के माध्यम से मुकदमे को समझौता हेतु तैयार कर लिया गया था। जिसे बीते राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादन करा दिया गया था। यूनाइटेड इंश्योरेंस कंपनी द्वारा जारी चेक को सोमवार को पीड़ित पक्ष को 700000 का चेक माननीय न्यायाधीश द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के अधिवक्ता तथा वादी के अधिवक्ता उपस्थित थे।

### बक्सर की हाला कमर ने न्यायिक सेवा में सफलता हासिल कर बढ़ाया जिले का मान



**बक्सर।** मधेपुरा अपर समहर्ता अबरार अहमद कमर की बेटी हाला कमर ने दिल्ली न्यायिक सेवा 2022 की परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। हाला कमर के पिता अबरार अहमद ने बताया कि उनकी बेटी ने डॉन बॉस्को अकादमी पटना से वर्ष 2010 में मैट्रिक किया था। जिसके बाद वो जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली से बीएम एलएलबी और एलएलएम की डिग्री प्राप्त की। परिजनों ने बताया हाला कमर का यह सफर काफी संघर्षपूर्ण रहा। उन्होंने इससे पूर्व मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और बिहार की न्यायिक सेवाओं की प्राथमिक और मुख्य परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर साक्षात्कार भी दिया। फिर भी उन्होंने अपना धैर्य नहीं खोया। उन्होंने परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ अपने पति अधिवक्ता मो. सैफ इस्लाम के साथ दिल्ली स्थित न्यायालयों में अपनी वकालत की प्रैक्टिस भी जारी रखी और अंततः अपनी निरंतर कोशिशों, परिश्रम, लगन और समपर्ण के कारण दिल्ली स्थित न्यायालयों में अपनी वकालत की प्रैक्टिस भी जारी रखी। अंततः अपने परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया। दूसरी ओर, परिवार में इस बात की खुशी है कि हाला की परीक्षा का रिजल्ट रमजान के पहले दिन आया। जिसे वो सभी हाला की मेहनत को देखते हुए अल्लाह ने उसे बरकत से नवाजा है। हालांकि, हाला कमर की बड़ी बहन सादा कमर बिहार के सरकारी अस्पताल में वरीय चिकित्सा पदाधिकारी हैं। इनके छोटे भाई शानुर्रहमान ने एनआईटी, अरूणाचल प्रदेश से कम्प्यूटर विज्ञान में बीटेक किया है और अभी बहरैन में वरीय प्रोडक्ट विशेषज्ञ के पद पर कार्यरत हैं।

## अगरसंडा लाल बाजार कांड: मारपीट, हत्या का प्रयास और सरकारी काम मे बाधा डालने का लगा आरोप

# भोजपुर पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में 200 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, एक गिरफ्तार

- दारोगा के बयान पर चालीस नामजद और करीब 150 अज्ञात आरोपित
- शराब के मामले चार लोगों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस पर किया गया था हमला
- अन्य आरोपितों की पहचान और धरपकड़ को छापेमारी कर रही पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर के धोबहां ओपी क्षेत्र के अगरसंडा लाल बाजार में पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में कार्रवाई शुरू हो गयी है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपितों की धरपकड़ में जुट गयी है। इस मामले में अबतक एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह अगरसंडा गांव निवासी योगेन्द्र प्रसाद का पुत्र छोटे लाल कुमार है। हमले में चोटिल धोबहां ओपी के दारोगा अनिल कुमार सिंह के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उसमें चालीस नामजद और करीब 150 अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है।

सभी नामजद अगरसंडा गांव के ही रहने वाले हैं। सभी पर अवैध ढंग से मजमा लगाकर जान मारने की नीयत से हरवे-हथियार के साथ पुलिस पर हमला करने और गिरफ्तार लोगों को छुड़ा ले जाने का आरोप लगाया गया है। एसपी प्रमोद कुमार सिंह की ओर से भी आरोपित की गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी है। प्राथमिकी में कहा गया है कि रविवार की शाम एएलटीएफ और धोबहां ओपी की पुलिस शराब को लेकर छापेमारी में निकली थी। उसी दौरान अगरसंडा के लाल बाजार के पास बागीचे में कुछ लोगों द्वारा शराब बेचने और पीने की सूचना मिली। टीम पहुंची तो वहां भीड़ लगी थी, लेकिन पुलिस को देख सभी लोग भागने लगे। हालांकि अगरसंडा गांव के चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनमें झूलन बिंद, शत्रुघ्न बिंद, गीता पासवान और दीलिप राम शामिल थे।

सभी के मुंह से शराब की गंध आ रही थी। उसके बाद जांच के लिए सभी को ओपी लाया जा रहा था। तभी ग्रामीणों की ओर से हमला कर दिया गया। उसमें चार पुलिस कर्मी चोटिल हो गए। एएलटीएफ का वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। एसपी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों की धरपकड़ को छापेमारी की जा रही है। एक आरोपित को गिरफ्तार भी कर लिया गया है।

### शराब बेच और पी रहे चार लोगों को बचाने के फेर में फंसे

अगरसंडा गांव के करीब डेढ़ से दो सौ ग्रामीण पुलिस पर हमला करने जैसे अपराध में फंस गये। शराब बेच और पी रहे चार लोगों को पुलिस से बचाने में सभी खुद कानूनी लफड़े में घिर गये। अब सभी को इस जूर्म के लिए जेल भी जाना पड़ सकता है। पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी के अनुसार रविवार की शाम अगरसंडा लाल बाजार के पास बागीचे में शराब की महफिल लगी थी। वहां कुछ लोग शराब बेच रहे थे तो कुछ पी रहे थे। उस कारण बागीचे में भीड़ लगी थी। सूचना पर पुलिस पहुंची और चार लोगों को पकड़ लिया गया। सभी को थाने लाया जा रहा था। तभी चालीस नामजद और सौ से डेढ़ सौ अज्ञात महिला व पुरुषों द्वारा पुलिस को घेर लिया गया और हंगामा किया जाने लगा। अफसरों की ओर से समझाने का प्रयास किया गया, तो लाठी-डंडे और ईंट पत्थर से हमला कर दिया गया। उसमें दारोगा अनिल कुमार सिंह, सिपाही शशि प्रकाश, चौकीदार धूरा यादव और होमगार्ड तेज नारायण सिंह चोटिल हो गए। ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए चारों लोगों को भी छुड़ा लिया गया। लाल बाजार में खड़ी एलटीएफ की गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

### छापेमारी के दौरान पुलिस पर मारपीट करने का आरोप

इधर, पुलिस टीम पर हमला के बाद छापेमारी करने गयी पुलिस पर ग्रामीणों की ओर से मारपीट करने का आरोप लगाया जा रहा है। घर के सामान को तहस-नहस करने का भी आरोप लगाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि पुलिस द्वारा घर में घुस कर महिलाओं के साथ भी मारपीट की गयी। उसमें कुछ लोगों को चोटें आयी है। घर के सामानों को नष्ट कर दिया गया। घायलों में हरेंद्र प्रसाद की पत्नी सुनैना कुमारी, उदय प्रसाद की पत्नी ज्ञांति देवी पति, छोटे लाल की पत्नी प्रमिला देवी, शहदेव प्रसाद की पत्नी रीना देवी और मंगरू राम की पत्नी लाखो देवी सहित अन्य शामिल हैं। हालांकि पुलिस अफसरों की ओर से किसी भी तरह की मारपीट की घटना से साफ इनकार किया गया है। कहा गया कि पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए मनगढ़ंत आरोप लगाया जा रहा है। भागने के क्रम में महिलाओं को चोट लगी होगी।

## संदेश गांव में ऑपरेशन के दौरान प्रसूता की मौत के बाद हंगामा, डॉक्टर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के संदेश थाना क्षेत्र के संदेश गांव में रविवार की रात ऑपरेशन के दौरान एक प्रसूता की मौत हो गई। प्रसव कराने को ऑपरेशन के दौरान स्थिति बिगड़ने पर डाक्टर द्वारा उसे रेफर कर दिया गया। पटना के निजी अस्पताल ले जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृत महिला नारायणपुर थाना क्षेत्र के बचरी गांव निवासी रोजिद अंसारी की 22 वर्षीय पत्नी नाजरीन खातून थी। इधर, महिला की मौत के बाद उसके परिजन भड़क उठे और संबंधित अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। परिजन ऑपरेशन करने वाले संदेश स्थित झोलाछाप डाक्टर पर लापरवाही करने का आरोप लगा रहे थे। डाक्टर को गिरफ्तार करने की मांग भी की जा रही थी। उसे लेकर काफी देर तक अफरातफरी मची रही। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार पुलिस बल के पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। डाक्टर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। वह रोहतास के नरौनी थाना क्षेत्र के मनिपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार हैं। वह काफी समय से संदेश में उज्जवल क्लिनिक चलाते हैं। इस मामले में नाजरीन के पति के बयान पर डाक्टर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### स्थिति बिगड़ने के बाद डॉक्टर ने कर दिया रेफर

महिला के रिश्तेदार बबलू ने बताया कि रविवार की शाम नाजरीन को तेज दर्द होने लगा। उसके बाद परिजन द्वारा उसे संदेश बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। वहां झोलाछाप डाक्टर द्वारा देखने के बाद ऑपरेशन करने की सलाह दी गयी। रात करीब आठ बजे उसका ऑपरेशन कर प्रसव कराया गया। तब नाजरीन को लड़का पैदा हुआ, लेकिन वह बेहोश पड़ी रही। करीब तीन घंटे बीत जाने के बाद डाक्टर द्वारा कहा गया कि इसकी स्थिति ठीक नहीं है। आरा ले जाना पड़ेगा। उसके बाद उसे आरा स्थित निजी अस्पताल लाया गया। लेकिन अस्पताल ने लेने से साफ इनकार कर दिया। तब उसे पटना स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां डाक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**दो वर्ष पहले भी ऑपरेशन के जरिए हुआ था बच्चा:** नासरीन को दो वर्ष पहले भी ऑपरेशन से एक लडकी हुई थी। उस समय भी उसी डॉक्टर द्वारा महिला का ऑपरेशन किया गया था। पहला ऑपरेशन अच्छे से हो जाने के बाद दूसरी बार भी उसे उसी डाक्टर के पास ले जाया गया था। नासरीन अजीमाबाद थाना क्षेत्र के गोडिहा गांव निवासी बसरुदिन अंसारी की पुत्री थी। उसकी शादी 2020 में नरायणपुर गांव निवासी रोजिद अंसारी के साथ किया था।

## गलत तरीके से आयी लक्ष्मी उपद्रवकारी होती हैं... इन्हें संभालना मुश्किल : जीयर स्वामी



**केटी न्यूज/आरा**

बरजा में प्रवचन करते हुये श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि दूध से घी बनता है, लेकिन दूध से घी का काम नहीं होता। आम के वृक्ष से फल प्राप्त होता है, लेकिन पेड़ से फल का आनंद प्राप्त नहीं होगा। इसी तरह वेद का सार है भागवत। भागवत वेद रुपी कल्प वृक्ष का पका हुआ फल है। इस पर सभी का अधिकार है। कालान्तर में भगवान द्वारा लक्ष्मी जी को भागवत सुनाया गया। लक्ष्मी जी ने विश्वकसेन को, विश्वकसेन ने ब्रह्माजी, ब्रह्मा जी ने सनकादि ऋषि, सनकादि ऋषियों ने नारद जी, नारद जी ने व्यास जी, व्यास जी ने शुकदेव जी और शुकदेव जी ने सूत जी को सुनाया। बच्चा, बूढ़ा युवा और स्त्री सहित सभी वर्ग और धर्म के लोग इसका रसपान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से आयी लक्ष्मी उपद्रवकारी होती हैं। इन्हें संभालना मुश्किल होता है। लक्ष्मी का सदैव सदुपयोग होना चाहिए। जिस परिवार और समाज में लक्ष्मी का उपभोग होने लगता है। वहां एक साथ कई विकार उत्पन्न हो जाते हैं। अंततः वह पतन का कारण बनता है। स्वामी जी ने कहा कि आषाढ़ पूर्णिमा को व्यास जी का अवतरण हुआ था। इसीलिए इस तिथि को गुरु-पूर्णिमा मनाने की परम्परा है। व्यास जी को नहीं मानने वाले भी गुरु-पूर्णिमा मनाते हैं।

स्वामी जी ने कहा कि गुरु सिद्ध होना चाहिए, चमत्कारी नहीं। जो परमात्मा की उपासना और भक्ति की सिद्धि किया हो, वही गुरु है। गुरु का मन स्थिर होना चाहिए, चंचल नहीं। वाणी-संयम भी होनी चाहिए। गुरु समाज का कल्याण करने वाला हो और दिनचर्या में समझौता नहीं करता हो। गुरू भोगी-विलासी नहीं हो। उन्होंने कहा कि गुरु और संत का आचरण आदर्श होना चाहिए। जिनके दर्शन के बाद परमात्मा के प्रति आशक्ति और मन में शांति का एहसास हो, वही गुरु और संत की श्रेणी में है। गुरु दम्भी और इन्द्रियों में भटकाव वाला नहीं होना चाहिए।

## रिलीज आज : म्यूजिक कम्पोजीशन यूरोप में जबकि इसकी शूटिंग भारत, नीदरलैंड और सूरीनाम में हुई है

# इस रामनवमी धूम मचाएगा गिरमिटीया वंशजों का श्री हनुमान चालीसा भजन

**केटी न्यूज/आरा**

सात समुन्दर पार बैठे गिरमिटीया वंशज श्री हनुमान चालीसा को पहली बार हार्ड रॉक वर्जन में लेके आ रहे हैं। ये हनुमान चालीसा भारतीय संस्कृति और सभ्यता को वैश्विक पटल पर मजबूती से रखने के प्रयास है। इस हनुमान चालीसा का रिलीज 28 मार्च को रामनवमी एवं हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में रखा गया है। जो दायरा म्यूजिक (यूरोपियन बैंड) के चैनल से रिलीज होगा। इसे बनाने में मुख्यतः राज मोहन जो नीदरलैंड वासी चौथी पीढ़ी के गिरमिटिया वंशज हैं। मानव-डी जो सूरीनाम वासी पांचवीं पीढ़ी के गिरमिटिया वंशज और बिहार के आरा निवासी फिल्मकार देवेन्द्र सिंह हैं। इस हनुमान चालीसा का म्यूजिक कम्पोजीशन यूरोप में हुआ है जबकि इसकी शूटिंग भारत, नीदरलैंड (यूरोप) और सूरीनाम (दक्षिण अमेरिका) में हुयी है।





श्री हनुमान चालीसा दायरा म्यूजिक के मुख्य रैप गायक मानव-डी का कहना है कि आज से ठीक 150 साल पहले 1883 में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर से मेरे पूर्वजों को गिरमिटिया मजदूर बनाकर समुंद्री जहाज में बिठा श्री राम के देश कह- के दक्षिण अमेरिकी देश सूरीनाम लेकर आये। हमारे पूर्वज अपने साथ इस दूर देश में श्रीराम का नाम, अपनी संस्कृति, भाषा, जड़ी बूटी, पहनावा, खान-पान और एक हनुमान चालीसा लेकर आये थे। हनुमान चालीसा पाठ उन्हें कठिन समय में शक्ति देता था जो आज भी उनकी पांचवीं, छठी पीढ़ी को भी प्रेरणा और शक्ति दे रहा है। इसलिए हम हनुमान चालीसा को इतने बड़े स्तर का बनाना चाह रहे थे। हम आज खुश हैं की हम अपने प्रयास में सफल हैं। ये हमारे पूर्वजों, हमारे अस्तित्व और हमारी पहचान का प्रतिक है।

श्री हनुमान चालीसा के मुख्य गायक राज मोहन के अनुसार हार्ड रॉक वर्जन में हनुमान चालीसा का निर्माण अपने आप में बहुत चुनौतीपूर्ण कार्य है। मेरे शिष्य मानव-डी ये आईडिया लेकर मेरे पास आये थे। चौथी पीढ़ी का गिरमिटिया वंशज होने के नाते मैं भी जनता हूं कि जब भी हमारे पूर्वजों पर कोई विपति आई उनका सहारा ॡहनुमान चालीसाॡ होता था। हमने इसमे हनुमान जी के विकट रूप को ध्यान में रख कर संगीत और वीडियो का निर्माण किया है। वैसे भी अभी पूरा विश्व तरह तरह की उलझनों में हैं हनुमान जी की दया दृष्टि रही तो पूर्ण विश्व में स्थायित्व एवं शांति स्थापित होगी। भारत में दायरा म्यूजिक के प्रोडक्शन और मीडिया हेड देवेन्द्र सिंह के अनुसार अभी तक हनुमान चालीसा को इतने बृहत और विस्तृत रूप में नही बनाया गया है। इसमें शामिल कलाकार पुरे विश्व के कोने कोने से हैं। पूरे प्रोजेक्ट में ये अचंभित करने वाला था कि आज से लगभग 150 साल पहले भारत से विभिन्न उपनिवेशों में ले जाये गए भारतवंशियों के वंशज अपनी सभ्यता और संस्कृति को लेके इतने सजग और जागरूक हैं। अपनी जड़ों से इतने दूर होने के बाद भी सबकुछ समेट के बचा रखे हैं। अभी भी अपनी सभ्यता संस्कृति की अपने सीने से लगा कर रखें है। मुख्य कलाकारों में राज मोहन, मानवझडी, शैलेश बहोरन और बाल कलाकार रिदा सिंह शामिल हैं।

# महापर्व चैती छठ... व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को अर्पित किया अर्घ्य

**केटी न्यूज/बक्सर/डुमरांव**

लोक आस्था का महापर्व चैती छठ का पहला अर्घ्य दिया गया। व्रतियों ने पूरे विधि विधान से सोमवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य अर्पित किए। मंगलवार को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ यह महापर्व संपन्न होगा। इसके पहले व्रती तथा उनके परिवार ने खरना व नहाय खाय के विधानों को पूरा किया था। चैती छठ के कारण पिछले दो दिनों से बाजार भी गुलजार था। बाजार में पूरे दिन फल, कलसूप, दौरा समेत छठ पूजा में उपयोग किए जाने वाले सामानों की बिक्री हो रही थी। रविवार व सोमवार को खरीददारों की भीड़ उमड़ी थी। वहीं सोमवार को दोपहर बाद लोग अपने माथे पर दौरा लिये छठ घाटों की ओर रवाना हो रहे थे।







बक्सर में गंगा घाटों के अलावे डुमरांव के विभिन्न जलाशय के किनार चैती छठ मनाया गया। कई श्रद्धालु अपने घरों तथा छतों पर भी कृत्रिम तालाब का निर्माण करा छठ पर्व मनाए। चैती छठ के दौरान लोगों की आस्था देखते ही बन रही थी। बक्सर तथा डुमरांव जैसे शहरी क्षेत्रों के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्रद्धालुओं द्वारा चैती छठ मनाए जाने की जानकारी मिली है। सदर प्रखंड के अलावे, राजपुर, चौसा, इटाढ़ी, डुमरांव, ब्रह्मपुर, सिमरी, चक्की, नावानगर, चौगाई, केसठ आदि प्रखंडों में लोगों द्वारा तालाबों तथा अन्य जलाशयों के किनारे चैती छठ मनाया गया है। लोक आस्था के इस माहपर्व के दौरान छठ घाटों पर साफ सफाई तथा रौशनी की व्यवस्था भी की गई थी।

## खबरें फटाफट

### दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी, केस

**डुमरांव।** डुमरांव में बाइक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन शहर के किसी न किसी हिस्से से बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही है। ताजा मामला टेक्सटाईल कॉलोनी का है। चोरों ने दरवाजे पर खड़ी एक बाइक की चोरी कर ली है। चोरी गई बाइक अंजनी कुमार पाठक की है। उन्होंने बताया कि वे अपने दरवाजे पर अपनी सुपर स्प्लेंडर बाइक जिसका नंबर बीआर 44 एल 0233 को खड़ा कर अंदर गए थे और कुछ देर बाद बाहर निकले तो बाइक नदारद थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक का कोई सुराग नहीं मिला तो थक-हारकर उन्होंने स्थानीय थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। हालांकि बता दें कि शहर में बाइक चोरी की यह पहली घटना नहीं है बल्कि आए दिन शहर के किसी न किसी हिस्से से बाइक चोरी की घटनाएं हो रही है। पिछले एक महीने के दौरान शहर से बाइक चोरी की यह छठवी घटना है। इसके पहले जंगलीनाथ शिव मंदिर व रेलवे स्टेशन के पास से कई बाइकों की चोरी हो चुकी है। जबकि होली की पूर्व संध्या पर शहीद पार्क के पास से शिक्षक दयाशंकर तिवारी की बाइक चोरी हुई थी।

## युवक के अपहरण की सूचना पर तुरंत हरकत में आयी बक्सर पुलिस, एक घंटे में किया खुलासा

# दोस्त के कर्ज का पैसा हड़पने की नीयत से युवक ने खुद के अपहरण की रची साजिश

- मोबाइल खरीदने के लिए दोस्त से लिया था आठ हजार रूपए कर्ज
- बहुत दिन बीत जाने के बाद भी नहीं लौटा रहा था पैसा

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार की देर शाम एक युवक के अपहरण की खबर पर बक्सर पुलिस खासा परेशान हुई। खुद उसके परिजनों ने थाना पहुंच उसका अपहरण किए जाने की बात पुलिस से बताई थी और यह भी बताया था कि उसके जान को खतरा है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस के हाथ पाव फूलने लगे थे। प्रभारी एसपी ने तत्परता दिखाते हुए उस युवक को बरामद करने के लिए तत्काल एक टीम का गठन कर दिया। हालांकि इस टीम ने एक घंटे में ही उस युवक को खोज निकाला। इसके बाद अपहरण का मामला खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाला साबित हुआ। पुलिस की पूछताछ में युवक ने जो सच्चाई बताया उससे खुद पुलिसकर्मी तथा उसके परिजन हतप्रभ रह गए।

कर्ज लिए पैसा को हड़पने की नियत से रचा था साजिश

मिली जानकारी के अनुसार बक्सर धोबीघाट के गली नंबर सात निवासी उपेन्द्र प्रसाद सिंह का पुत्र अंकित कुमार ने बड़की नैनीजोर निवासी अपने एक दोस्त दिपेश कुमार से मोबाईल खरीदने के लिए आठ हजार रूपए कर्ज लिया था। लेकिन बहुत दिन बीत जाने के बाद भी वह उसे पैसा लौटा नहीं रहा था। रविवार को जब दोस्त ने उसपर पैसा के लिए दबाव बनाया तो वह घर से किला मैदान जाने की बात कह निकल गया। शाम करीब 7.30 बजे वह अपने परिजनों को फोन कर बताया कि उसका अपहरण हो गया है। अपहर्ता उसे स्कार्पियों से लेकर जा रहे है तथा जान मारने की धमकी दे रहे है। अंकित ने बताया कि वह किसी तरह से छिपकर फोन कर रहा है। इसके बाद परिजन किसी अनहोनी की आशंका से सिहर उठे तथा तत्काल टाउन थाने को इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार न प्रभारी एसपी दीपक वर्णवाल को इस अपहरण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने तत्काल एक टीम गठित कर युवक को सकुशल बरामद करने की रणनीति बनाई। पुलिस ने एक घंटे बाद उसे डुमरांव रेलवे स्टेशन के समीप से बरामद कर लिया।



### पुलिस को छकाने का कर रहा था प्रयास

इस संबंध में जानकारी देते हुए टाउन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि जब उसे बरामद किया गया तो वह पुलिस को छकाने का प्रयास करने लगा। पहले उसने बताया कि अपहर्ता उसे एक घर में बंद किए थे, वह किसी तरह उनके चंगुल से भाग आया है। लेकिन जब पुलिस ने उस घर को दिखाने को कहा तो वह दूसरी कहानी गढ़ने लगा। लेकिन जब पुलिस ने तेवर दिखाए तो सच्चाई उसके मुंह से निकल गई। अंकित ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त दिपेश से मोबाईल खरीदने के लिए 8000 रूपए कर्ज लिया था। वह अपने पैसे के लिए दबाव बना रहा था। इसी के चलते उसने अपने अपहरण की साजिश रची थी। सारे वाकये को सुन परिजनों ने माथा पीट लिया। हालांकि बाद में परिजनों के गुहार के बाद पुलिस ने दुबारा ऐसा नहीं करने की चेतावनी व पीआर बांड भरवा उसे परिजनों को सुपुर्द कर दिया। इस घटना में देर तक बक्सर पुलिस हलकान रही थी। बहरहाल उसके सकुशल बरामद होने से पुलिस ने राहत की सांस ली है।

## एक नजर

### कहीं दलालों को डीईओ का संरक्षण तो नहीं, सीसीटीवी फुटेज कर रही तस्दीक



**बक्सर।** हाल ही में शिक्षा विभाग के स्थापना डीपीओ मो सारिक अशरफ के कार्यालय में घुस रंगदारी मांगने और मारपीट करने के की घटना के बाद कई खुलासे हो रहे है। इस मामले में पहले वायरल हुए एक सीसीटीवी फुटेज ने दलालों की शिक्षा विभाग में मजबूत पैठ की पोल खोली थी। वही अब एक और फुटेज सामने आया है जिसमे खुद डीईओ अनिल कुमार द्विवेदी और एक क्लर्क अनिल राय स्थापना डीपीओ से रंगदारी व मारपीट के मुख्य आरोपियो अजय सिंह और अरविंद सिंह के साथ दिखाई दे रहे है। फुटेज डीईओ कार्यालय की ही है। इस फुटेज के सामने आने के बाद यह साफ हो गया है कि उनकी पकड़ डीईओ तक है। वैसे जी जानकारों का कहना है कि बिना वरीय पदाधिकारियों के वरदहस्त के कोई डीपीओ जैसे पदाधिकारी के साथ अभद्रता कैसे कर सकता है। खास यह कि जिस वक्त डीपीओ के साथ यह घटना हुई थी उस समय डीईओ भी वहा मौजूद थे। लेकिन उन्होंने आरोपियों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। हालाकि डीपीओ द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने एक आरोपी अरविंद सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसे बाद में जमानत मिल गई। लेकिन मुख्य आरोपी अजय सिंह अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

### यात्री सुविधाओं की बहाली के लिए संघर्ष तेज करेगी डुमरांव रेलयात्री कल्याण समिति

**डुमरांव।** रेलयात्री कल्याण समिति डुमरांव शाखा की बैठक निशा नगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शाखा कोषाध्यक्ष अखिलेश केशरी ने तथा संचालन बिजली राम ने किया। बैठक में सेंट्रल कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुधीर कुमार सिंह, महामंत्री कृष्ण बिहारी चौबे तथा कोषाध्यक्ष बिजेंद्र यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। इसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर डुमरांव स्टेशन की विभिन्न प्रकार की लंबित मुलभूत समस्याओं को लेकर 16 अप्रैल को डुमरांव स्टेशन पर एकदिवसीय धरना देने का निर्णय लिया गया। बैठक के बाद नौ सूत्री मांग पत्र स्टेशन प्रबंधक को सौंपा गया, इसमें पटना मथुरा कोटा, पटना कुर्ला बम्बई जनता एक्सप्रेस, काशी पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव डुमरांव स्टेशन पर सुनिश्चित किया जाए। डुमरांव स्टेशन पर एक अतिरिक्त फुट ओवरब्रिज निर्माण, डुमरांव स्टेशन पर और बुकिंग ऑफिस के पास स्थित शौचालय को साफ सुथरा, स्वच्छ और नियमित रूप से चालू रखा जाय समेत अन्य मांग शामिल है। बैठक में शाखा अध्यक्ष मुन्ना यादव, पप्पू तिवारी, मास्टर कलीम खान, भुवर सिद्दीकी, मनोज कुमार सिंह, प्रो राजेन्द्र प्रसाद, दिलीप केशरी, परशुराम प्रसाद, छोटे सिंह, शिवजी तिवारी और शंभु चौरसिया शामिल थे।

### केसरवानी वैश्य समाज की बैठक में परिवार मिलन समारोह पर हुई चर्चा

**डुमरांव।** केशरवानी वैश्य समाज की एक बैठक डुमरांव के जंगल बाजार स्थित एक निजी सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सदस्यों ने संगठन को मजबूत बनाने तथा समाज के अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की रणनीति बनाई। बैठक में तया किया गया कि इस बार केशरवानी वैश्य समाज का परिवार मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। बता दें कि दो वर्षों तक कोरोना महामारी के चलते परिवार मिलन समारोह का आयोजन नहीं हो सका था। इसके अलावे भी इस बैठक में कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस संबंध में समाज द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि हर साल परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। बैठक में सभी लोगों ने अपना अपना विचार रखा। जिसमें संगठन की मजबूती के बात हुई, संगठन को किस तरीके से और मजबूत किया जाए। मौके पर केसरवानी समाज के अध्यक्ष राजेंद्र केसरी, तरूण सभा अध्यक्ष अखिलेश केसरी, कृष्ण केसरी, महेंद्र केसरी, संरक्षक मनोज केसरी, किशन केसरी, अंकित केशरी, महावीर केशरी, पवन केसरी, धीरज केसरी, अमरनाथ केसरी, संजय केसरी, प्रदीप केसरी, सुरेश केसरी, अनिल केसरी, संतोष केसरी मौजूद रहे।

# डुमरांव नप का कारनामा... कागजों पर जलनिकासी कर निकाले 2.70 लाख रु.

- सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मामले का खुलासा
- वार्ड 23 में स्कूल से जलनिकासी के नाम पर हुई है अवैध निकासी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद में भ्रष्टाचार की कहानी हरि अनंत हरि कथा अनंता जैसी है। कई ऐसी योजनाओं पर लाखों की निकासी की गई है जो धरातल पर देखने को भी नहीं मिलती है। ऐसा ही एक मामले का खुलासा सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत हुआ है। जिसे देख स्वतः ही यह समझा जा सकता है कि यहा के पदाधिकारी किस कदर भ्रष्टाचार मचाए हुए है। सूचना के अधिकार से मांगी



गई जानकारी में नप के लोक सूचना पदाधिकारी ने बताया है कि नप के वार्ड 23 स्थित उच्च विद्यालय में 15 अगस्त को पानी निकासी योजना पर कार्य किया गया है। जिसमे 2 लाख 70 हजार 406 रुपया विभागीय कार्य करवाकर खर्च किया गया है। जबकि वार्ड संख्या 23 में कोई हाई स्कूल नहीं है। इसकी पुष्टि पूर्व वार्ड पार्षद धीरज कुमार ने किया है।

उन्होंने कहा कि उनके वार्ड में एक भी हाई स्कूल नहीं है। जानकारों की मानें तो यह अकेला ऐसा मामला नहीं है। बल्कि इस प्रकार के कई कार्य नप के द्वारा सिर्फ कागजों में करवाया गया है। इस सम्बंध में निर्वातमान वार्ड पार्षद हरिशंकर ततवा, मोहन मिश्र, कमलेश प्रसाद सहित अन्य से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 23 में कोई उच्च विद्यालय नहीं है। यदि पानी निकासी के नाम पर राशि खर्च की गई है तो गलत है इसकी जांच होने से सब कुछ पता चल जाएगा। कई पार्षदों ने इसकी जांच के लिए विभाग के प्रधान सचिव के साथ माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष पत्र लिखकर सभी विभागीय कार्यो का जांच करवाने को लेकर आवेदन भेजा है।

# ट्रेन से गिर मां की मौत, बेटी की हालत गंभीर

**केटी न्यूज/डुमरांव**

दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन पर सोमवार को नॉन स्टॉप ट्रेन से गिरने के दौरान मां-बेटी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। जख्मी मां बेटी की पहचान 50 वर्षीय सविता देवी और 21 वर्षीय रिया कुमारी के रूप में हुई है। रिया अपने मां के साथ परीक्षा देने के लिए बक्सर से डुमरांव आ रही थी। इस हादसे को देख यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। यात्रियों ने इसकी सूचना तत्काल जीआरपी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से जख्मी मां-बेटी को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया तथा छात्रा को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया। बताया जाता है कि छात्रा रिया कुमारी स्नातक प्रथम



वर्ष की परीक्षा में शामिल होने के लिए अपने मां के साथ मित्रलोक कॉलोनी बक्सर से बक्सर स्टेशन पहुंची लेकिन भूलवश नॉन स्टॉप ट्रेन गांधीधाम-कामाख्या एक्सप्रेस में जा बैठी। ट्रेन खुलने के बाद जब अपने भूल का अहसास हुआ तो मां-बेटी बोगी के गेट के समीप पहुंच गयी और ट्रेन की रफ्तार धीमी होते ही दोनों प्लेटफॉर्म पर कूद पड़ी। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। छात्रा मूलरूप से सिमरी के रामधनपुर चकनी गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद सिंह की बेटी बतायी जाती है। हादसे की जानकारी मिलते ही जीआरपी पोस्ट प्रभारी अजय कुमार सिंह जख्मियों को लेकर अनुमंडल अस्पताल रवाना हो गये लेकिन डॉक्टरों ने देखते ही महिला को मृत घोषित कर दिया तथा छात्रा का प्राथमिक उपचार कर रेफर कर दिया।

## बक्सर के दो युवाओं ने अपनी प्रतिभा का लहराया परचम, तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर मुकाम हासिल करने का दिया संदेश

# रश्मि को गेट परीक्षा में देश भर में 15 वां रैंक, सेल्फ स्टडी से खुर्शीद बना जीएसटी इंस्पेक्टर

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर के दो युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। उनकी सफलता ने जिले के युवाओं को भी कठिन प्रतियोगिता परीक्षा के इस दौर में कुछ कर गुजरने का हौसला भर दिया है। हम बात कर रहे है गेट परीक्षा में पूरे देश में 15 वां रैंक लाने वाली रश्मि कुमारी व सेल्फ स्टडी से पहले प्रयास में ही जीएसटी इंस्पेक्टर बने खुर्शीद की। दोनों सामान्य परिवारों से ताल्लुक रखने वाले है। लेकिन इस सफलता से अपनी प्रतिभा का गहरा छाप छोड़ चुके है। उनकी सफलताओं के बाद दोनों को बधाईयों का तांता लग गया है। बता दें कि रश्मि कुमारी मूल रूप से केसठ प्रखंड के दसियांव के हरेन्द्र प्रसाद द्विवेदी की पुत्री है। उसने गेट परीक्षा 2023 में पूरे देश में 15वां रैंक हासिल किया है। रश्मि की इस सफलता से न केवल परिवार बल्कि



पूरे गांव में खुशी का माहौल है। रश्मि ने गेट परीक्षा के लाईफ साईंस स्ट्रीम में देश भर में 15 वां रैंक हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का



छाप छोड़ने में सफल रही है। रश्मि का गेट स्कोर में 884 है। इस परीक्षा में लगभग तीस हजार प्रतिभागी शामिल हुए थे। उनकी इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता समेत गांव के लोग खुश हैं। उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। रश्मि के पिता हरेंद्र प्रसाद द्विवेदी व्यवहार न्यायालय में स्टेनो के पद पर कार्यरत हैं जबकि माता मधु देवी अधिवक्ता हैं। रश्मि अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता,गुरु और परिजनों को दी। माता पिता का कहना है कि रश्मि ने परिवार का मान सम्मान बढ़ाया है जिससे परिवार में हर्ष का वातावरण है।

### मध्यमवर्गीय परिवार से आता है नया भोजपुर का खुर्शीद अंसारी

नया भोजपुर के खुर्शीद अंसारी ने पहले प्रयास में ही जीएसटी इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुआ है। खास यह कि सेल्फ स्टडी के बल पर उसने यह मुकाम हासिल किया है। खुर्शीद ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा में 5वीं तक कि पढ़ाई गाँव से हुई फिर डुमराँव स्थित कैम्ब्रिज स्कूल में एडमिशन हुआ जहां से वर्ष 2015 में 10 सीजीपीए से मैट्रिक परीक्षा को पास किया। इसके बाद वर्ष 2017 में फर्स्ट डिवीजन से 12वीं व इग्नू से पॉलिटिकल साइंस से स्नातक वर्ष 2020 में पूरा कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुट गए। खुर्शीद ने बताया कि शुरू में 6 महीना तैयारी के लिए पटना गए जहाँ दोस्तों के साथ किराए पर रहकर कोचिंग से जुड़कर तैयारी शुरू की। इसी बीच कोरोना को लेकर लॉकडाउन लग गया तो फिर वापस गाँव लौट आए और गाँव से ही यूट्यूब पर सिलेबस से जुड़ी चीजों को देखकर समझना शुरू किए। खुर्शीद की सफलता के पीछे सबसे बड़ी बात यह है कि पहले प्रयास में ही वह जीएसटी इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हो गया है। खुर्शीद ने बताया कि उनके दादा रफीक अंसारी वन विभाग में दरोगा से सेवानिवृत्त हुए है जबकि पिता मोहम्मद जहीर अंसारी वर्तमान समय में सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर के पद पर झारखंड में तैनात है।

# परिवहन मंत्री दयाशंकर बोले... बलिया के विकास के लिए खींची जाएगी लंबी लकीर

♦ जीराबस्ती स्थित राज्य परिवहन निगम वर्कशाप के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास

**केटी न्यूज/बलिया**

नगर से सटे जीराबस्ती स्थित राज्य परिवहन निगम वर्कशाप के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण का शिलान्यास परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने वैदिक मंत्रोचार के बीच किया। इस दौरान मंत्री दयाशंकर सिंह परिवहन विभाग से संचालित दस नई बसों का उद्घाटन भी विधि विधान से पूजन करने के बाद हरी झण्डी दिखाकर किया। सोमवार के दिन परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि पहली बार बजट में दो हजार बसों को खरीदने के लिए सीएम योगी जी व्यवस्था की है। परिवहन निगम के बेड़े में सात हजार बसों को शामिल करने का लक्ष्य है। इलेक्ट्रिक बसों को खरीदने के लिए दो सौ करोड़ बजट में मिला।डिपो आदि का निर्माण के लिए सौ करोड़ की व्यवस्था की गयी है।नयी बसों खरीदने के लिए चार सौ करोड़ मिला है। परिवहन मंत्री ने कहा कि 93 आरएम और एआरएम की भर्ती जल्द होगी। परिवहन विभाग में सिपाही की भर्ती की जाएगी। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा है परिवहन निगम संकट का साथी है। कोरोना काल में परिवहन निगम ने यह सिद्ध भी किया है। कहा कि एक लाख गांवों में से 88 हजार गांवों में परिवहन की बसें पहुंच रही है। 12 हजार गांवों में भी पहुंचाने का प्रयास परिवहन निगम कर रहा है। प्रयागराज कुंभ से पूर्व 2025 तक सात हजार नयी बसें ला देंगे। प्रदेश के 23 बस अड्डों को हवाई अड्डों की तरह बनाया जायेगा। बलिया का बस अड्डा भी हवाई अड्डा की तरह नयी तकनीक से बनाया जायेगा। झारखंड और बंगाल के लिए भी बस चलाने की बात कही।






## हल्दी से फेफना तक बनेगा बाईपास फोरलेन

परिवहन मंत्री ने कहा कि बलिया के विकास के लिए लम्बी लकीर खींची गई है। हल्दी से फेफना तक बाईपास फोरलेन बनाया जायेगा, जिसे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे से जोड़ा जायेगा। बहेरी पुल भी डबल लेन की होगी। बलिया से सिकन्दर पुर को जाने वाली सड़क जो स्टेट हाईवे था, अब नेशनल हाइवे हो गया है। जेल को 89 एकड़ में बनाया जायेगा। भृगु कारीडोर को भव्य बनाया जायेगा। सीवर के लिए चार सौ करोड़ मिला है। 1920 के बाद पहली बार कटहल नाला पर रेगुलेटर लगने जा रहा है। परिवहन मंत्री ने कहा कि बलिया में आईएफबीटी का निर्माण होगा, ताकि अन्य प्रदेशों को यहां से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर भाजपा ज़िलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू व अन्य अतिथि के अलावा विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

---

**ईओ मणि मंजरी राय आत्महत्या कांड**

## चालक और कंप्यूटर ऑपरेटर को कोर्ट ने सुनाई सात साल की सजा

**केटी न्यूज/बलिया**

मनियर नगर पंचायत की पूर्व ईओ मणि मंजरी राय आत्महत्या मामले में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 4 बलिया के न्यायाधीश अरुण कुमार की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए चालक चंदन कुमार वर्मा पुत्र सूर्यनाथ वर्मा निवासी अमृतपाली थाना कोतवाली, बलिया तथा कम्प्यूटर आपरेटर अखिलेश पांडेय पुत्र त्रिलोकी निवासी मनियर थाना मनियर बलिया के खिलाफ दोष साबित पाते हुए अभियुक्त गणों को 7 वर्ष के कठोर कारावास 10000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। वही अर्थदंड अदा ना करने पर अभियुक्त को 3 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।



बता दे कि 07 मार्च 2020 को शहर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी में मनियर नगर पंचायत कि अधिशासी अधिकारी मणि मंजरी राय ने देर रात पंखे के हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में मणि के भाई ने चेयरमैन नगर पंचायत मनियर भीम गुप्ता, अधिशासी अधिकारी सिकंदरपुर संजय राव, नगर पंचायत मनियर के टैक्स बाबू विनोद सिंह, कंप्यूटर बाबू अखिलेश व मणि मंजरी के चालक चंदन कुमार को आरोपी बनाया था। भाजपा के चेयरमैन पर भ्रष्टाचार का आरोप और प्रताड़ना से ईओ के आत्महत्या का आरोप लगने के बाद मामला हाई प्रोफाइल हो गया था। इस मामले में चेयरमैन भीम गुप्ता, कंप्यूटर बाबू अखिलेश व चालक चंदन कुमार जेल गए। जबकि टैक्स बाबू विनोद सिंह ने हाईकोर्ट से अरेस्ट स्टे ले लिया था। वही नगर पंचायत सिकंदरपुर के ईओ संजय राव को पुलिस ने क्लीनचीट दे दिया था। इस मामले में दोनों पक्षो की बहस सुनने के उपरांत अदालत ने चालक चंदन कुमार तथा कम्प्यूटर आपरेटर अखिलेश कुमार के खिलाफ दोष साबित पाते हुए 7 वर्ष की कठोर कारावास और 10000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। वही अर्थदण्ड अदा न करने पर अभियुक्त को 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

---


**बलिया के गन व्यापारी नन्दलाल गुप्ता आत्महत्या मामले में आरोपी है पूना सिंह**

# गैंगेस्टर भी बलिया पुलिस के माननीयों की फेहरिस्त में, चैट सोशल मीडिया पर वायरल

**केटी न्यूज/बलिया**

उत्तर प्रदेश के बलिया पुलिस शासन और पब्लिक के बीच में अपनी कार्रवाई का झूठा स्वांग रचती है। अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस गैंगेस्टर और अन्य प्रभावी कार्य करती रहती है, पर सब यह है कि गैंगेस्टर को भी पुलिस माननीयों की श्रेणी में रखती है। इस दोहरा मापदंड का ताजा तरीन उदाहरण है पूना सिंह जी को देवनारायण पूना सिंह जिसका नाम बलिया के दांत सूदखोरों में शुमार है। गन व्यापारी नन्दलाल गुप्ता आत्महत्या मामले में बारह आरोपियों में से एक है। उन्दलाल गुप्ता आत्महत्या मामले में लगभग चालीस दिनों तक पूना सिंह जेल में रह चुका है। जमानत मिलते से पूना सिंह पर पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। लेकिन, पूना सिंह को अभी तक पुलिस ग्रुप में माननीय का दर्जा हासिल है। एक वाट्सएप चैट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि इसकी पुष्टि केशव टाइम्स नहीं करता है। इसकी सच्चाई क्या है, ये तो जांच का विषय है।

वायरल चैट का स्क्रीन शॉट फेफना थानाध्यक्ष और पुलिस अधीक्षक बलिया का पीआरओ सेल से लिया जा सकता है। दरअसल,जिले के फेफना थाने की पुलिस एक वाट्सएप ग्रुप पीएस फेफना ही नाम से चलाती है। इस ग्रुप के एडमिन और सदस्यों को जोड़ने और हटाने का पूर्ण अधिकार थानाध्यक्ष फेफना (सीयूजी नम्बर 9454402996) और पीआरओ सेल एसपी बलिया (सीयूजी नम्बर 9454403014) है। इस ग्रुप में लगभग 95 सदस्य शामिल है। पुलिस ने जिन लोगों को इस ग्रुप में रखा है, यह या तो माननीय है या पत्रकार है। इस ग्रुप में अक्सर महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रेषित होती है। सवाल यहां यह है कि इस वाट्सएप ग्रुप में पीएस फेफना ने पूना सिंह कैसे जोड़ रखा है। जबकि पूना सिह फेफना थाना इलाके का रहने वाला भी नहीं है।




### गैगेस्टर की कार्रवाई के बाद भी पूना सिंह ग्रुप में

सूद के अवैध कारोबार में पूना सिह गन व्यापारी नन्दलाल गुप्ता आत्महत्या के मामले से पहले भी कई मुकदमों में आरोपित रह चुका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि गन व्यापारी नन्दलाल गुप्ता आत्महत्या का मामला काफी चर्चा में रहा। आरोपियों को गिरफ्तारी के लिए पुलिस को इनाम भी घोषित करना पड़ा था। इस दौरान पूना सिंह पुलिस के इस ग्रुप में चुपके से बने रहने से वाकिफ होता रहा। गिरफ्तारी के बाद वह काफी दिनों जेल में रहा और उसका नम्बर इस ग्रुप में बना रहा। जब उस पर गैगेस्टर की कार्रवाई हुई है, फिर भी वह इस ग्रुप में बना हुआ है। सबसे अहम बात यह है कि इस तरह के आरोपी की पुलिस के अन्य ग्रुप में तो नहीं बने हुए है। अगर हां तो इनको ग्रुप में जोड़कर अबतक संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मियों पर सवाल खड़ा हो रहा है। गैंगेस्टर के इस मामले में हो सकता है बलिया पुलिस का वारा न्यारा करने वाला जवाब आए। लेकिन इससे पुलिस अपने को पाक साफ नहीं साबित कर सकती। गन व्यापारी आत्महत्या मामले में आरोपी बनाये गए 12 लोगों में से कइयों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई पुलिस की संस्तुति पर जिलाधिकारी ने किया।

---

## गाजीपुर में भूत- प्रेत के चक्कर में पति ने पत्नी की कर दी हत्या

**गाजीपुर।** सादात थाने के आतमपुर छपरा अंतर्गत दलित बस्ती में बीती रात पति ने भूत- प्रेत के चक्कर में पत्नी से हुए विवाद के बाद फावड़े की बेंत से पीट- पीटकर निर्मम हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया। लेकिन पुलिस ने उसे भोर में गिरफ्तार कर लिया।

बता दें कि हत्यारोपी पति दिनेश राम पेशे से राजगीर मिस्त्री है। लोगों के अनुसार उसकी मानसिक हालत पिछले कुछ दिनों से ठीक नहीं थी। इस बीच शनिवार की रात भूत प्रेत की बात को लेकर उसकी पत्नी अर्चना (35) से बहस और फिर विवाद शुरू हो गया। जिससे गुस्साए दिनेश ने फावड़े की बेंत से पत्नी के सिर व गर्दन पर ताबड़तोड़ प्रहार कर उसे मौत की नींद सुला दिया और मौके से फरार हो गया। इधर मां का शोर सुनकर 10 वर्षीय दो जुड़वां पुत्रियां ज्वाला व ज्योति सहित 7 वर्षीय जूही व 3 साल का पुत्र सागर वहां पहुंचे और मां पर हो रहे हमले को देखकर रोने लगे। इधर सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष शैलेश मिश्रा मय फोर्स पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया। इस मामले में मृतका के पिता आजमगढ़ के मेहनगर थाना के रायपुर पट्टी खजुरा गांव निवासी धर्मदेव राम ने अपने दामाद के खिलाफ नामजद तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

---

## डीएम ने चलाई स्कूटी, एसपी ने दिखाई हरी झंडी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मिशन शक्ति की वर्षगांठ पर महिला सशक्तिकरण रैली का आयोजन किया गया। मिशन शक्ति अभियान के तहत बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व उन्हें और अधिक सशक्त व जागरूक बनाने के उद्देश्य पुलिस द्वारा प्रतिदिन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को नवरात्रि पर्व के छठवें दिन थाना कोतवाली अंतर्गत भूतियाटाङ से महिला पुलिसकर्मियों द्वारा निकाली गई स्कूटी रैली को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्साहवर्धन करते हुए स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। खास बात यह रही कि रैली में डीएम ने भी स्कूटी चलाई। महिला पुलिस कर्मियों द्वारा निकाली गई उक्त जागरूकता रैली के माध्यम से महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है। सभी बालिकाओं/महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।



## राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में मना काला दिवस

**केटी न्यूज/बलिया**

राजस्थान विधानसभा में डॉक्टरों के भारी विरोध के बाद भी राइट टू हेल्थ बिल को 21 मार्च 2023 को पास किया है। आईएमए उत्तर प्रदेश राज्य शाखा के सभी सदस्य राजस्थान सरकार द्वारा चिकित्सकों के विरोध के बाबजूद जनविरोधी राईट टू हेल्थ बिल को पारित किये जाने से दुःखी एवं आक्रोषित है। इसी को लेकर आईएमए बलिया के सदस्यों काली पट्टी बांधकर पुरे दिन कार्य किया व काला दिन मनाया। चिकित्सकों का एक प्रतिनिधिमण्डल डीएम से उनके आवास पर मिला। इस दौरान चिकित्सकों ने पत्रक सौंप राईट टू हेल्थ बिल के खिलाफ आक्रोश जताया। मांग किया कि सरकार इस बिल को वापस ले।




बता दें कि पिछले कई दिनों से राजस्थान प्रदेश के डॉक्टर हड़ताल पर है। सरकार निजी अस्पताल के डॉक्टरों पर वाटर कैनन से पानी छिड़कर और डंडे चलाकर अगर राइट टू हेल्थ बिल लाई है तो यह कामयाब नहीं होगा।

बलिया आईएमए के अध्यक्ष डॉ. डी राय ने बताया कि यह बिल आम जनों को संविधान की धारा-21 के अंतर्गत सरकार द्वारा डॉक्टर्स को राईट टू लीव अधिकार से वंचित करने का प्रयास है। सरकारें स्वास्थ्य क्षेत्र में अपने दायित्व को प्राईवेट सेक्टर पर बिना किसी खर्च फेंक कर उन्हें बर्बाद करने पर उतारू है। किसी न किसी रूप में केन्द्र एवं सभी राज्य सरकारें एक जैसा कदम उठा रही है। राजस्थान सरकार जबतक इस जनविरोधी वाले काला कानून (राईट टू हेल्थ बिल) को वापस नहीं लेती है तब तक आईएमए उत्तर प्रदेश इसका हर स्तर विरोध करना जारी रखेगी।

---

**एक नजर**

## फाइनल मुकाबले में गाजीपुर ने जोगा को 67 रनों से हराकर कप पर किया कब्जा

**गाजीपुर।** बाबा श्याम दास स्पोर्टिंग क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए फाइनल मुकाबले में गाजीपुर ने जोगा को 67 रनों से करारी शिकस्त देकर कप पर कब्जा जमा लिया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख राहुल राय ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। मैन आफ द मैच एवं मैन आफ द सीरिज के पुरस्कार पर भी विजेता टीम के खिलाडियों ने कब्जा जमाया। फाइनल मुकाबले में गाजीपुर की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर 188 रनों का स्कोर खड़ा किया। तत्पश्चात लक्ष्य का पिछा करने उतरी जोगा की टीम नौ विकेट के नुकसान पर निर्धारित ओवर में महज 121 रन ही बना सकी। इस तरह से गाजीपुर ने 67 रनों से यह मुकाबला अपने नाम करने के साथ ही इस प्रतिष्ठापरक कप पर कब्जा जमा लिया। गाजीपुर की ओर से टोनी से शानदार 52 रनों अर्धशतकीय पारी खेली। जबकि विपुल व रवि ने टीम की ओर से दो- दो विकेट लिए। इसी तरह जोगा की ओर से बबलू ने 32 रन बनाए। जबकि विशाल ने तीन विकेट झटके। इसके पूर्व मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के साथ ही मार्च पास्ट की सलामी लेकर किया। मुकाबलें में अंम्पायर लालजी व अनय, कमेंट्रेटर इंद्रजीत व चंदन पांडेय जबकि स्कोरर की भूमिका शुकल शर्मा ने निभाई।




## तानाशाही नीतियों के खिलाफ माले ने निकाला मार्च

**बलिया।** मोदी सरकार के तानाशाही नीतियों के खिलाफ भाकपा (माले के) देश व्यापी प्रतिवाद मार्च कार्यक्रम के तहत पार्टी के कार्यकताओं ने सोमवार को पार्टी के जिला सचिव लाल साहब व लक्ष्मण यादव के नेतृत्व में स्थानीय रोडवेज बस स्टेशन से कलेक्ट्रेट तक लोकतंत्र बचाओ-देश बचाओ रैली निकाल कर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया इस दौरान कार्यकताओं ने फासीवाद मुदार्बाद, ताना शाही नहीं चलेगी-लोकतंत्र बहाल करो, का जोरदार नारा लगाया, जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन के दौरान जिला सचिव लाल साहब ने कहा कि नरेद्र मोदी की सरकार देश में इन्दिरा के घोषित आपात काल को भी पीछे छोड़ दिया है। तानाशाही नीतियों का विरोध करने वाले लोगों एवं दलों पर मुकदमा दर्ज कर लोकतांत्रिक आवाजों को दबाया जा रहा है। यह संविधान और लोकतंत्र दोनो के लिए खतरा है। वही रामानन्द गोंड ने राहुल गांधी के उपर अदालत के फैसले के तुरन्त बाद उनकी संसद की सदस्यता खत्म कर लोकतंत्र पर सर्जिकल स्ट्राइक किया है। अशोक पाण्डेय ने मोदी सरकार को पूँजीपतियों की सरकार बताया। लक्ष्मण यादव ने कहा कि समय की मांग है कि विपक्ष एक जुट हो, लोक तंत्र को बचाने के लिए सड़क पर उतरे। कार्यक्रम में- वशिष्ठ राजभर, भागवत विन्द, मु0 यूसुफ, नियाज अहमद, राम प्रवेश शर्मा, नागेन्द्र भारती, जितेन्द्र पासवान, शिव विलाश शाह व अन्य शामिल रहे।

---

**सिद्धपीठ हथियाराम की शाखा हरिहरपुर कालीधाम श्रद्धालुओं के अगाध आस्था व विश्वास का केंद्र है**

# मान्यता... सच्चे मन से दर्शन पूजन करने से पूरी होती है मनोकामना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

सिद्धपीठ हथियाराम की शाखा हरिहरपुर कालीधाम श्रद्धालुओं के अगाध आस्था व विश्वास का केंद्र है। यह मंदिर व इसमें विद्यमान मां काली की तीन प्रतिमाएं स्वयं में काफी महत्व रखती हैं। यहां सच्चे हृदय से दर्शन पूजन करने से श्रद्धालुओं के सकल मनोरथ पूर्ण होते हैं। मान्यता है कि इन देवी प्रतिमाओं के दर्शन-पूजन से काल को भी टाला जा सकता है। कालीधाम में स्थापित मां काली प्रतिमा की महत्ता का वर्णन करते हुए सिद्धपीठ हथियाराम के पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर स्वामी श्री भवानीनन्दन यति जी महाराज बताते हैं कि मंदिर में स्थापित दक्षिणमुखी प्रतिमाएं स्वयं में अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। मंदिर में सबसे पहली प्रतिमा शव के ऊपर स्थापित है।



इस मूर्ति के बारे में अपने गुरूजी महाराज द्वारा सुनी कथा का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि सैकड़ों वर्ष पूर्व स्थापित इस प्रतिमा की एक अंगुली किसी कारणवश टूट गयी। इसकी जानकारी होने पर उनके गुरूजी महाराज ने खण्डित प्रतिमा के स्थान पर दूसरी प्रतिमा स्थापित कराने की मंशा के तहत प्रतिमा हटवाने का काम शुरू कराया। जैसे ही मजदूर प्रतिमा हटाना शुरू किये, वैसे ही मंदिर के छत से रक्त टपकने लगा। यह देखकर मजदूर काम रोक दिये और गुरूजी महाराज को भी इस बात का अनुभव हुआ तो वह तुरंत मंदिर की तरफ दौड़ पड़े। श्री यति ने बताया कि गुरु महाराज ने खण्डित प्रतिमा के स्थान पर दूसरी प्रतिमा स्थापित कराने के लिए नई प्रतिमा मंगा रखा था, उसे इसी प्रतिमा के ठीक बगल में स्थापित करा दिया गया। बताया कि दो प्रतिमा होने के बाद तीसरी प्रतिमा की स्थापना कराया जाना अपरिहार्य हो गया। फलस्वरूप श्वेत प्रतिमा की स्थापना करायी गयी। यह तीनों प्रतिमाएं मां के तीनों रूपों महासरस्वती, महालक्ष्मी और महाकाली के रूप में अर्चन-वंदन की जाती हैं। इन प्रतिमाओं का स्पर्श करने से इनकी शक्ति क्षीण होती है। हालांकि, इनके अर्चन-वंदन से काल को भी टाला जा सकता है। यहां नवरात्रि पर्यंत चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लेकर यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने और पीठाधीश्वर का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिये जनपद समेत देश के कोने कोने से शिष्य श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालुओं के लिये भंडारा की व्यवस्था की गयी है, जिससे महाप्रसाद ग्रहण लोग देवी माता और महामंडलेश्वर का जयकारा लगाते हुए अपने घरों को वापस लौट रहे हैं।